**S-623** Roll No. …………………..

# DPHCN–06

## Public Health

(जन स्वास्थ्य)

Diploma in Public Health and Community Nutrition (DPHCN-10/16/17)

Second Semester, Examination, 2018

**Time : 3 Hours** **Max. Marks : 40**

नोट : यह प्रश्न पत्र चालीस (40) अंकों का है जो तीन (03) खण्डों 'क', 'ख' तथा 'ग' में विभाजित है। शिक्षार्थियों को इन खण्डों में दिए गए विस्तृत निर्देशों के अनुसार ही प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

खण्ड–क

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'क' में चार (04) दीर्घ उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए साढ़े नौ ($9\frac{1}{2}$) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल दो (02) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. सार्वजनिक स्वास्थ्य के कार्यों तथा महत्त्व पर प्रकाश डालिए।
2. मलेरिया तथा फाइलेरिया रोग की विस्तृत जानकारी दीजिए। इनके रोग निरोधी उपायों की भी चर्चा कीजिए।

3. पोषण शिक्षा व कुपोषण प्रबन्धन द्वारा खाद्य एवं पोषण सुरक्षा को किस प्रकार प्राप्त किया जा सकता है ?

4. सामुदायिक स्वास्थ्य के लिए पोषण सम्बन्धी सामाजिक कारकों की जानकारी दीजिए।

## खण्ड–ख

## (लघु उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ख' में आठ (08) लघु उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए चार (04) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल चार (04) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. भारत में सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्याओं की प्रमुख श्रेणियों की संक्षिप्त जानकारी दीजिए।

2. टी. बी. रोग की रोकथाम व नियन्त्रण कार्यक्रम पर प्रकाश डालिए।

3. क्वाशिओरकर रोग के लक्षण लिखिए।

4. रक्ताल्पता की रोकथाम किस प्रकार की जाती है ?

5. सामुदायिक स्तर पर खाद्य एवं पोषण सुरक्षा को प्राप्त करने के लिए किन–किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ता ?

6. अन्न उत्पादन द्वारा खाद्य एवं पोषण सुरक्षा किस प्रकार प्राप्त की जा सकती है ?

7. सामुदायिक स्वास्थ्य पर खाद्य मिथक नकारात्मक असर डालते हैं। संक्षेप में टिप्पणी कीजिए।

8. व्यक्तित्त्व किस प्रकार सामुदायिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता है ?

## खण्ड–ग

## (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ग' में दस (10) वस्तुनिष्ठ प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए आधा $(\frac{1}{2})$ अंक निर्धारित है। इस खण्ड के सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

सही विकल्प चुनिये :

1. खाँसने पर खून आना इस रोग का प्रमुख लक्षण है :
   (अ) टी. बी.
   (ब) पोलियो
   (स) एड्स
   (द) प्रोटीन ऊर्जा कुपोषण

2. यह एक संक्रामक रोग है :
   (अ) मोटापा
   (ब) कुष्ठ रोग
   (स) मधुमेह
   (द) घेंघा

3. प्राकृतिक आपदाओं में भोजन प्रबन्धन द्वारा .......... प्राप्त की जा सकती है।
   (अ) पोषण शिक्षा
   (ब) प्रसंस्करण शिक्षा
   (स) खाद्य एवं पोषण सुरक्षा
   (द) स्वास्थ्य शिक्षा

4. कुछ खाद्य मिथकों के अनुसार यह खाने से गर्भपात हो जाता है।
   (अ) अनाज
   (ब) पपीता
   (स) केला
   (द) अमरूद

5. इस रोग से बचने के लिए टीके लगाये जाते हैं :
   (अ) फ्लोरोसिस
   (ब) उच्च रक्तचाप
   (स) हृदय रोग
   (द) काली खाँसी

सत्य/असत्य लिखिए :

6. मरास्मस एक वर्ष से कम उम्र के बच्चों में पाया जाता है। (सत्य/असत्य)
7. प्राकृतिक आपदाओं में खाद्य सुरक्षा अनिवार्य है। (सत्य/असत्य)
8. माता के पोषण का शिशु पर कोई प्रभाव नहीं होता है। (सत्य/असत्य)
9. सामुदायिक स्वास्थ्य अच्छे स्वास्थ्य की आदतों तथा स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देता है। (सत्य/असत्य)
10. निर्धनता व निम्न शैक्षिक स्तर सामुदायिक स्वास्थ्य को नकारात्मक रूप से प्रभावित करते हैं। (सत्य/असत्य)